ABM COLLEGE, JAMSHEDPUR
SUBJECT : HINDI (COMPULSORY)
INTERMEDIATE (XI) INTERNAL EXAM, 2020

Full Marks : 50 **Time : 1½ hrs.**

सभी प्रश्न अनिवार्य है।

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 1 से 5 के उत्तर दीजिए।

शिक्षा सिर्फ इक्कीस साल की उम्र तक नहीं चलती, बल्कि यह तो जीवनपर्यन्त जारी रहती है। जीवन किसी नदी सा होता है, जो कभी स्थिर नहीं होता सदैव गतिशील रहता है, सदैव जीवन्त और समृद्ध होता है। नदी तो प्रवाह में रहती है। नदी की सारी गतिविधियों को उन सारी चीजों को जो उस पर हो रही है, ध्यानपूर्वक देखना, समझना, उनसे सीधे संपर्क में होना, यही जीवन है और इसके लिए हम सभी को तैयार होना है।

वास्तव में शिक्षा का मतलब कुछ परीक्षाएँ पास कर लेना भर नहीं, बल्कि इन समस्याओं पर विचार करने लायक होना भी है, ताकि आपका मन यान्त्रिक और परम्पराबद्ध न हो जाए, ताकि आपका मन सृजनशील हो ताकि आप समाज के अनूकुल होने में ही न लगे रहे, बल्कि उसे तोड़कर पूर्णतः नए का सृजन करें।

1) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए –
   a) शिक्षा का उद्देश्य b) देशप्रेम
   c) नदी और पहाड़ d) परीक्षा

2) शिक्षा कब तक जारी रहती है ?
   a) इक्कीस साल b) जीवन पर्यन्त
   c) सोलह साल d) बचपन तक

3) जीवन की तुलना किससे की गई है ?
   a) नदी b) तालाब c) समुद्र d) झील

4) शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है ?
   a) परम्पराओं को जानना b) यान्त्रिक हो जाना
   c) परीक्षाएं पास कर लेना d) सृजनशील बनाना

5) 'जीवन्त' शब्द का क्या अर्थ होता है ?
   a) परम्पराओं को जानना b) यान्त्रिक हो जाना
   c) परीक्षाएँ पास कर लेना d) सृजनशील बनाना

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 6 से 10 का उत्तर दीजिए –

भटक गया है देश दलों के बीहड़ वन में
कदम–कदम पर संशय ही उगता है मन में
नेता क्या है निज–निज गुर के महापात्र हैं
राष्ट्र कहाँ है शेष, शेष बस राज्य मात्र है।

6) देश किसके बीहड़ वन में भटक गया है ?
   a) सामाजिक दल b) राजनीतिक दल
   c) धार्मिक दल d) साहित्यिक दल

7) मन में हमेशा संशय क्यों उत्पन्न होता है ?
   a) भविष्य की चिंता के कारण b) अतीत की चिंता के कारण
   c) रोजगार की चिंता के कारण d) शिक्षा की चिंता के कारण

8) यहाँ 'राष्ट्र' का क्या आशय है ?
   a) विभाजित देश b) सम्पन्न देश
   c) एकजुट देश d) उन्नत देश

9) 'संशय' शब्द का अर्थ क्या है ?

a) संदेह b) सन्मार्ग c) समस्त d) सज्जन

10) प्रस्तुत पद्यांश का उचित शीर्षक बताइए –

a) देश और नेता b) मन का संशय

c) शेष राष्ट्र d) बीहड़ वन

11) टिप्पणी और आलेखन किस पत्र के भाग है ?

a) संपादकीय पत्र b) कार्यालयी पत्र

c) व्यावसायिक पत्र d) इनमें से कोई नहीं

12) 'संचार' शब्द की उत्पत्ति 'चर' शब्द से हुई है, 'चर' का क्या अर्थ है ?

a) रूकना b) चलना c) बैठना d) हटना

13) पत्रकारिता का मूल तत्व क्या है ?

a) कल्पना b) संस्मरण c) जिज्ञासा d) नीति

14) फीचर विद्या है ?

a) पात्र प्रधान b) विषय प्रधान

c) समस्या प्रधान d) व्यक्ति प्रधान

15) कार्यालयी कार्य में 'Noting' का क्या अर्थ है ?

a) पत्राचार b) टेलीफोन c) फैक्स d) इन्टरनेट

16) 'माता के नाम पत्र' पत्र लेखन के किस भेद के अंतर्गत आता है ?

a) मसौदा लिखना b) सूचना लिखना

c) ज्ञापन लिखना d) टिप्पणी लिखना

17) विचारों के आदान–प्रदान की इनमें से सबसे प्राचीनशैली कौन–सी है ?

a) इन्टरनेट b) फैक्स c) टेलीफोन d) पत्राचार

18) संचार के मुद्रण माध्यम में किसे शामिल किया जाता है ?

a) समाचार पत्र b) पत्रिकाएँ

c) पम्फलेट्स d) ये सभी

19) अलंकार, प्रतीक, संदेश, भाषा आदि उपकरण है –

a) रचनात्मक लेखन के b) निबंध लेखन के

c) नाटक लेखन के d) कथा लेखन के

20) श्रव्य माध्यम है :

a) रेडिया b) समाचार पत्र

c) टेलीविजन d) इनमें से कोई नहीं

21) मुद्रित माध्यमों की सबसे बड़ी विशेषता है –

a) स्थायित्व b) गतिशीलता c) श्रव्यता d) सांकेतिकता

22) 'विज्ञान : वरदान अथवा अभिशाप' विषय पर निबंध लिखने के लिए आप किस शैली का प्रयोग करेंगे ?

a) वर्णनात्मक शैली b) विचारात्मक शैली

c) भावनात्मक शैली d) व्याख्यात्मक शैली

23) रिपोर्ट का अर्थ है –

a) घटना की ठीक–ठीक सूचना b) घटना के पूर्व का निर्देश

c) घटना के पश्चात् की कारवाई d) घटना के कारण का विश्लेषण

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 24 से 28 के उत्तर दीजिए –

प्रतिक्षण नूतन वेश बनाकर रंग–बिरंग निराला,
रवि के सम्मुख थिरक रही है नभ में वारिद–माला।
नीचे नील समुद्र मनोहर ऊपर नील गगन है,
घन पर बैठ, बीच में बिचरू चाहता ये मन है।

24) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन है ?
a) रामनरेश त्रिपाठी
b) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
c) भवानीप्रसाद मिश्र
d) सुमित्रानंदन पंत

25) प्रतिक्षण नूतन वेश कौन बदल रहा है ?
a) नील समुद्र
b) नील गगन
c) वारिद माला
d) रवि

26) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत है ?
a) पथिक
b) आँखे
c) घर की याद
d) सबसे खतरनाक

27) कवि का मन कहाँ विचरना चाहता है ?
a) नीले आकाश और नीले समुद्र के बीच
b) बादलों के बीच
c) आकाश में
d) समुद्र में

28) रवि का पर्यायवाची शब्द क्या नहीं है ?
a) दिनकर
b) सूरज
c) सूर्य
d) रत्नाकर

29) 'नमक का दरोगा' किस विधा की रचना है ?
a) कहानी
b) व्यंग्य–कथा
c) संस्मरण
d) निबंध

30) 'मियाँ नसीरूद्दीन' किस संग्रह से लिया गया है ?
a) हम–हशमत
b) शब्दों के आलोक में
c) समय–सरगम
d) मित्रों मरजानी

31) 'आतम मारि पखनहि पूजै' कबीर की इस पंक्ति में 'पखनहि' का क्या अर्थ है ?
a) भगवान
b) पत्थर की मूर्ति
c) माया
d) मजार

32) अक्क महादेवी की कविता को हिन्दी में कहा गया है ?
a) वचन
b) साखी
c) वाणी
d) सबद

33) 'विदाई–संभाषण' के रचयिता कौन है ?
a) प्रेमचंद
b) बालमुकुंद गुप्त
c) सत्यजीत रॉय
d) कृष्णचन्दर

34) धनराम किस कहानी का पात्र है ?
a) रजनी
b) नमक का दरोगा
c) गलता लोहा
d) जामुन का पेड़

35) 'वे आँखे' कविता में किसकी पीड़ा और शोषण को रेखांकित किया जाता है ?
a) मजदूर की
b) किसान की
c) फेरीवाले की
d) इन सभी की

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 37 से 39 के उत्तर दीजिए – भारत माता दरअसल यही करोड़ों लोग है और 'भारत माता की जय' से मतलब हुआ इन लोगों की जय का। मैं उनसे कहता कि तुम इस भारत माता के अंश हो, एक तरह से तुम ही भारतमाता हो और जैसे–जैसे ये विचार उनके मन में बैठती, उनकी आँखों में चमक आ जाती, इस तरह मानों उन्होंने कोई बड़ी खोज कर ली हो।

36) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
a) विदाई–संभाषण
b) गलता लोहा
c) भारत माता
d) आत्मा का ताप

37) भारत माता की जय का क्या अर्थ है ?
a) देश के युवाओं की जय
b) देश के करोड़ो लोगों की जय
c) देश के राजनेता की जय
d) अपनी माँ की जय

38) किनकी आँखों में चमक आ जाती थी ?
a) गाँव के लोगों की b) सैनिकों की
c) मजदूरों की d) व्यपारियों की

39) 'विदाई संभाषण' पाठ में किसकी विदाई की चर्चा की गई है ?
a) लार्ड कर्जन b) मेकाले
c) वारेन हेस्टिंग्स d) माउन्ट बेटेन

40) 'जामुन का पेड़ फलदार है' यह कहकर कृषि विभाग ने फाइल किस विभाग में भेज दी ?
a) हॉटीकल्चर b) मेडिकल
c) कल्चरल d) परिवहन

41) 'अप्पू के साथ ढाई साल' संस्मरण किस फिल्म की शूटिंग के अनुभवों से संबंधित है ?
a) पथेर पांचाली b) अपराजिता
c) महानगर d) जलसंधार

42) भारतीय चित्रपट संगीत के क्षेत्र में स्वर कोकिला के नाम से विख्यात गायिका कौन हैं ?
a) उषा मंगेशकर b) लता मंगेशकर
c) अनुराधा पोडवाल d) आशा भोंसले

43) 'लता ने करूण रस के गाने के साथ न्याय नहीं किया है।' यह किसका कथन है ?
a) कुमार गंधर्व b) बेबी हालदर
c) अनुपम मिश्र d) मनोहरश्याम जोशी

44) लेखक कुमार गंधर्व मूलतः क्या है ?
a) निर्देशक b) अभिनेता c) संगीतकार d) गायक

45) लेखक अनुपम मिश्र की रचना कौन–सी है ?
a) भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर b) आलो आँधारि
c) राजस्थान की रजत बूँदे d) इनमें से कोई नहीं

46) कुंई को रस्से से बाँधने की क्रिया को क्या कहते हैं ?
a) बंधन b) चिनाई c) चेजा d) जोड़ाई

47) 'आलो–आँधारि' मूलतः किस भाषा की रचना है ?
a) उड़िया b) मैथिली c) कन्नड़ d) बांग्ला

48) तातुश की कोन–सी मित्र लेखिका थी ?
a) शर्मिला b) सुनीति c) शबाना d) बेबी

49) किसकी प्रेरणा से बेबी हालदर ने लिखना शुरू किया ?
a) मदन दा b) तातुश c) सुनील दा d) अर्जुन दा

50) 'नमक का दारोगा' कहानी के नायक कौन हैं ?
a) मुंशी प्रेमचंद b) वंशीधर c) पंडित आलो पीदीन d) ये सभी